Regarding need to include Maithili in the list of optional languages for language test papers in CTET

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): CTET परीक्षा में दो पेपरों का आयोजन होता है और इसके प्रत्येक पेपर में अभ्यर्थियों को दो लैंग्वेज टेस्ट में भी हिस्सा लेना होता है । CBSE इन लैंग्वेज टेस्ट के लिए अभ्यर्थियों को 20 भाषाओं में से अपने पसंद की लैंग्वेज चुनने की आजादी देता है । CTET की परीक्षा में हिस्सा लेने वाले अभ्यर्थी 20 भाषा यथा - अंग्रेजी, गुजराती, मराठी, संस्कृत, हिंदी, कन्नड़, मिजो, तमिल, असमिया, खासी, नेपाली, तेलगू, बंगाली, मलयालम, उड़िया, तिब्बती, गारो, मणिपुरी, पंजाबी और उर्दू में से अपने लिए दो भाषाओं का चयन लैंग्वेज टेस्ट के लिए करते हैं । मैथिली संविधान के अष्टम अनुसूची में शामिल है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मैथिली को CBSE पाठ्यक्रम में भी विषय के रूप में शामिल किया गया है । संविधान के अष्टम अनुसूची में शामिल होने के वाबजूद CTET में लैंग्वेज टेस्ट के लिए मैथिली भाषा को शामिल नहीं किया गया हैं । मैं माननीय शिक्षा मंत्री से आग्रह करता हूं कि CTET परीक्षा में लैंग्वेज टेस्ट के लिए मैथिली भाषा को शामिल किया जाए ।